तापमान

अधिकतम 26 डिग्री

न्यूनतम 12 डिग्री

# हरिभूमि कोरिया भूमि

बिलासपुर, रविवार 1 फरवरी 2026

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर



4 मिनी स्टेडियम खड़गवां बना खेल प्रतिभाओं का केंद्र




## खबर संक्षेप

### वार्षिकोत्सव का आयोजन आज

**मनेन्द्रगढ़।** अलास्का ग्रुप ऑफ एजुकेशन के तत्वावधान में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए भव्य वार्षिकोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम वन नेशन, मेनी रिदम्स की थीम पर आधारित होगा, जिसमें देश की विविध सांस्कृतिक झलकियों के साथ एकता और उल्लास का संदेश दिया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन 1 फरवरी को दोपहर 2:30 बजे से प्रगति मैदान अमाखेरवा मनेन्द्रगढ़, में किया जाएगा। इस अवसर पर अलास्का ग्रुप के अंतर्गत संचालित लिटिल मिलेनियम प्लेग्रुप, नर्सरी, किंडरगार्टन, अलास्का पब्लिक स्कूल इंग्लिश मीडियम तथा अलास्का कंप्यूटर इंस्टीट्यूट के छात्र-छात्राएं रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल होंगे, वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पालिका परिषद मनेन्द्रगढ़ की अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा यादव की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। इसके अतिरिक्त नगर पालिका परिषद मनेन्द्रगढ़ के उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र पटवा, पूर्व अध्यक्ष श्रीमती प्रभा पटेल तथा लिटिल मिलेनियम एजुकेशन प्रा. लि., गुरुग्राम की सीनियर एकेडमिक मैनेजर ईस्ट जोन श्रीमती मुनज्जा सबीन भी कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहेंगी।

### रविदास जयंती पर धम्म दीक्षा समारोह आज



**बैकुंठपुर।** सूर्यवंशी महासभा छग राज्य के तत्वावधान में संत शिरोमणि गुरू रविदास साहेब की जयंती के अवसर पर धम्म दीक्षा समारोह का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 1 फरवरी रविवार को दोपहर 12 बजे से जिले के गुरू रविदास मंदिर, ग्राम सारा गदबदी में संपन्न होगा। आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम में धम्म दीक्षा, संविधान की प्रस्तावना का वाचन, पंचशील ध्वजारोहण एवं जन-जागृति कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही आए हुए अतिथियों द्वारा गुरू रविदास के विचारों मन चंगा तो कठौती में गंगा, बेगमपुरा शहर पर सारगर्भित चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम में समाज के गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता एवं श्रद्धालुओं की उपस्थिति रहेगी। आयोजन समिति ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। आयोजक सूर्यवंशी महासभा छग राज्य ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य सामाजिक परिवर्तन, आर्थिक मुक्ति और आत्मसम्मान के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना है।

### छिपछिपी महामाया मंदिर प्रांगण में कबड्डी स्पर्धा

**मनेन्द्रगढ़।** जिले के ग्राम छिपछिपी स्थित महामाया मंदिर प्रांगण में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में पूर्व विधायक गुलाब कमरो मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने सर्वप्रथम मां महामाया मंदिर में माता के दर्शन, पूजा-अर्चना कर क्षेत्र वासियों के खुशहाली और सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया, खेल भावना को बढ़ावा देने की बात कही एवं सभी प्रतिभागियों को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। पूर्व विधायक ने कहा कि खेल से स्वास्थ्य, अच्छा रहता है और शरीर मजबूत बनता है। कार्यक्रम में विशेष रूप से अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मनेद्रगढ़ ग्रामीण रामनरेश पटेल, अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मनेन्द्रगढ़ शहरी सौरव मिश्रा, जिलाध्यक्ष आदिवासी कांग्रेस अमोल सिंह मरावी, शिक्षक परमेश्वर, एडवोकेट जय लाल सिंह, गणमान्य जनप्रतिनिधि सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## हेलमेट रैली के साथ राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का समापन

# यातायात नियमों के पालन से दुर्घटनाओं में आएगी कमी





मंचासीन मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, विधायक व अन्य।



कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिला मुख्यालय के मानस भवन बैकुंठपुर में 31 जनवरी को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 का समापन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, विधायक बैकुंठपुर भईयालाल राजवाड़े, जिला पंचायत अध्यक्ष मोहितराम पैकरा, उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े, भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, नगर पालिका शिवपुर चरचा अध्यक्ष अरुण जायसवाल, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सौभाग्यवती सिंह, कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी, एसपी रवि कुर्रे सहित अन्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर भव्य हेलमेट रैली का आयोजन भी किया गया।

कार्यक्रम में मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि यातायात नियमों का पालन कर असमय होने वाली सड़क दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है। उन्होंने ओवरस्पीडिंग एवं लापरवाह वाहन चालन से बचने की अपील करते हुए कोरिया पुलिस द्वारा चलाए गए जन जागरूकता अभियान की सराहना की। समारोह की अध्यक्षता कर रहे बैकुंठपुर विधायक भईयालाल राजवाड़े ने कहा कि वाहन चलाने से पहले लाइसेंस अनिवार्य होना चाहिए, ताकि चालक यातायात नियमों से पूरी तरह परिचित हों और दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने कहा कि सड़क सुरक्षा माह का उद्देश्य नागरिकों को सड़क सुरक्षा की गंभीरता से अवगत कराना है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जब पक्षी भी नियमों के साथ उड़ान भरते हैं, तो हम इंसान नियमों का पालन क्यों न करें। पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे ने एक माह तक चले सड़क सुरक्षा अभियान का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि इस दौरान नेत्र परीक्षण शिविर, वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप, बिना नंबर वाहनों में नंबर अंकन, नियम पालन करने वाले चालकों को गुलाब भेंट सहित व्यापक जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। साथ ही राहगीर योजना एवं गुड सेमेरिटन योजना की जानकारी देते हुए आमजन से दुर्घटना पीड़ितों की निःसंकोच मदद करने की अपील की। उल्लेखनीय है कि केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार के निर्देश तथा पुलिस मुख्यालय रायपुर छग के आदेशानुसार पुलिस अधीक्षक कोरिया के मार्गदर्शन में कोरिया जिले में राष्टीय सड़क सुरक्षा माह का आयोजन 1 जनवरी से 31 जनवरी तक व्यापक स्तर पर किया गया।

इस अभियान का उद्देश्य आम नागरिकों विशेषकर युवाओं में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता विकसित करना रहा। पूरे माह जिलेभर में यातायात नियमों के पालन सुरक्षित ड्राइविंग और जनजागरूकता से जुड़ी गतिविधियां संचालित की गईं।



महिला सशक्तिकरण का संदेश देती महिला पुलिस कर्मी।

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

समारोह में नन्हे-मुन्ने बच्चों एवं विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत यातायात जागरूकता पर आधारित नृत्य व सांस्कृतिक कार्यक्रम आकर्षण का केन्द्र रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन यातायात हवलदार महेश मिश्रा ने किया। समापन समारोह में पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी, शिक्षकगण एवं गणमान्य नागरिक काफी संख्या में उपस्थित रहे।

### महिला सशक्तिकरण का संदेश

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती सुरेशा चौबे के नेतृत्व में महिला आरक्षकों ने हेलमेट रैली एवं नगर के प्रमुख चौराहों पर रानी लक्ष्मीबाई, सरोजिनी नायडू, इंदिरा गांधी, प्रतिभा पाटिल एवं किरण बेदी के स्वरूप में महिला सशक्तिकरण का प्रभावशाली संदेश दिया। सड़क दुर्घटनाओं में घायलों की सहायता करने वाले गुड सेमेरिटन नागरिकों, नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर से जुड़े चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों को सम्मानित किया गया। साथ ही विभिन्न प्रतियोगिताओं के निर्णायक, शिक्षक-शिक्षिकाएं, एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस स्वयंसेवक एवं मीडिया प्रतिनिधियों को भी सम्मान प्रदान किया गया।

### प्रतियोगिताओं के माध्यम से जागरूकता का संदेश





राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के समापन अवसर पर चित्रकला प्रतियोगिता और स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। चयनित प्रतिभागियों को अतिथियों के करकमलों से सम्मानित और पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर न्यू लाईफ हेल्थ एंड एजुकेशन सोसायटी द्वारा संचालित न्यू लाईफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग बैकुंठपुर के विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। चित्रकला प्रतियोगिता में बीएससी नर्सिंग सातवें सेमेस्टर की छात्रा पूर्णिमा प्रजापति ने प्रथम स्थान प्राप्त कर संस्थान और जिले का नाम रोशन किया स्लोगन प्रतियोगिता में चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा आरती को प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया, वहीं जमूना सिंह को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में न्यू लाईफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग बैकुंठपुर के संचालक डॉ.प्रिंस जायसवाल के साथ संस्था की शिक्षिका कौशल्या कोर्चे एवं शीतल साहू भी उपस्थित रहीं, समापन समारोह में वक्ताओं ने सड़क सुरक्षा को जीवन रक्षा से जोड़ते हुए कहा कि यातायात नियमों का पालन ही सुरक्षित भविष्य की कुंजी है, यह आयोजन न केवल प्रतियोगिता तक सीमित रहा बल्कि समाज में जिम्मेदार नागरिक बनने का सशक्त संदेश भी दे गया।

### नर्सिंग की छात्राएं चित्रकला में सम्मानित



राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 के अंतर्गत सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात नियमों के पालन तथा सुरक्षित सड़क परिवेश के निर्माण को लेकर नागरिकों को जागरूक करने का संकल्प दोहराया गया। प्रतियोगिता में राजवाड़े इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग के छात्राओं ने चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लेकर अपने प्रतिभा का प्रदर्शन किया, इसके लिए उन्हें यातायात विभाग द्वारा स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया।

### भाजयुमो के पूर्व जिलाध्यक्ष अंचल सम्मानित



भाजयुमो कोरिया के पूर्व जिलाध्यक्ष अंचल राजवाड़े को जिला प्रशासन कोरिया के तत्वावधान में मानस भवन बैकुंठपुर में आयोजित राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह के समापन समारोह में मुख्य अतिथि प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के करकमलों से जिला पुलिस प्रशासन द्वारा गुड सेमेरिटन सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान अंचल को सड़क दुर्घटना में दुर्घटनाग्रस्त व्यक्तियों के सहायता करने के लिए प्रदान किया गया है।

# सामुदायिक शौचालय सह दुकान का नहीं मिल रहा लाभ



- निर्माण के बाद लटका रहता है ताला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया व एमसीबी जिले के ग्राम पंचायतों में लाखों खर्च कर निर्माण कराए गए सामुदायिक शौचालय सह दुकान अधिकतर ग्राम पंचायतों में बनने के बाद से शटर बंद पड़ा है।

ग्राम पंचायतों में बने सामुदायिक शौचालय सह दुकान का लाभ किसी को नहीं मिल रहा है। हालत यह है कि सामुदायिक शौचालय के गेट का ताला भी कई पंचायत क्षेत्रों में नहीं खुला रहता, इसके चलते सामुदायिक शौचालय का उपचोग नहीं होगा, वहीं साथ में निर्मित दुकान के आवंटन नहीं किए जाने के कारण दुकान के शटर में ताला लटकता रहता है। पंचायत प्रतिनिधियों को इस ओर ध्यान देकर सामुदायिक शौचालय सह दुकान का लाभ दिलाने की दिशा में पहल करने की जरूरत है।

जानकारी के अनुसार एमसीबी जिले के ग्राम दुबछोला में मुख्य मार्ग किनारे लाखों खर्च कर सामुदायिक शौचालय सह दुकान का निर्माण किया गया है, जिसके निर्माण के बाद ताला लटका हुआ है और सामने के परिसर में झाड़ियां उग आई है। ऐसी स्थिति सिर्फ ग्राम दुबछोला का नहीं बल्कि कोरिया व एमसीबी जिले के कई पंचायतों में बनाए गऐ सामुदायिक शौचालय सह दुकानों की बनी हुई है।





# कोरिया के छात्र पहुंचे दिल्ली, विज्ञान ने दिए सपनों को नए पंख

**बैकुण्ठपुर।** जब सही मंच और अवसर मिलता है, तब प्रतिभा स्वयं अपनी पहचान बना लेती है। इसी सोच को साकार करता हुआ राष्टीय आविष्कार अभियान कोरिया जिले के आदिवासी विद्यार्थियों के लिए ज्ञान, अनुभव और प्रेरणा का ऐतिहासिक अध्याय बनकर सामने आया।

राज्य परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा रायपुर द्वारा संचालित इस अभियान के अंतर्गत कलेक्टर कोरिया के मार्गदर्शन में विज्ञान विषय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले आदिवासी प्राइमरी स्तर के 10 छात्र-छात्राओं को राज्य के बाहर दिल्ली में विशेष शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। शैक्षणिक यात्रा की शुरूआत नेशनल साइंस सेंटर दिल्ली से हुई, जहां विद्यार्थियों का स्वागत संस्थान के हेड ऑफ डिपार्टमेंट द्वारा फ्लाइंग होस्टिंग के माध्यम से किया गया। इसके पश्चात विशेषज्ञ गाइड ने बच्चों को विज्ञान की जटिल अवधारणाओं को सरल और रोचक ढंग से समझाया। बच्चों ने जाना कि कोयला किन चरणों से बनता है और उसका खनन कैसे किया जाता है, रेडियोधर्मी ऊर्जा कैसे उत्पन्न होती है, साथ ही भौतिकी के सिद्धांतों को थ्री डी वैज्ञानिक शो, एनीमेशन और प्रयोगात्मक मॉडलों के माध्यम से प्रत्यक्ष अनुभव किया। विद्यार्थियों ने प्रधानमंत्री संग्रहालय, लाल किला, इंडिया गेट, विजय स्तंभ, राजघाट (महात्मा गांधी समाधि स्थल), लोटस टेंपल, गणतंत्र दिवस परेड की झांकियां एवं दिल्ली मेट्रो का भ्रमण कर भारत की ऐतिहासिक विरासत और आधुनिक विकास को नजदीक से देखा। प्रत्यक्ष प्रयोगों और प्रदर्शनों के माध्यम से बच्चों ने आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा को समझा, जिससे उनके भीतर वैज्ञानिक सोच और नवाचार की भावना विकसित हुई। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार राय ने कहा कि ऐसे शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों की सोच को व्यापक बनाते हैं। जब बच्चे विज्ञान को व्यवहार में देखते हैं, तो उनमें सीखने की जिज्ञासा और लक्ष्य के प्रति स्पष्टता उत्पन्न होती है, जो उन्हें सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंचाती है। वहीं सहायक संचालक शिक्षा विभाग जितेन्द्र गुप्ता ने ⏭ शेष पेज 4 पर

# नेशनल स्कूल गेम्स में सार्थक ने किया बेहतर प्रदर्शन



**अम्बिकापुर।** दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में सरगुजा के सार्थक कांत थॉमस ने बेहतर प्रदर्शन किया है। पहले दिन सार्थक ने उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के खिलाफ मैचों में जीत दर्ज कर जिले व प्रदेश का नाम रौशन किया है।

बताया जा रहा है कि दिल्ली में 69वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिया का आयोजन 30 जनवरी से किया गया है। दिल्ली के त्यागराज स्पोर्ट्स कोम्प्लेक्स में आयोजित इस प्रतियोगिया में नौ अगल अलग खेल विधाओं में देशभर के विभिन्न राज्यों से खिलाड़ी हिस्सा ले रहे है। इस स्कूल गेम्स में छत्तीसगढ़ की टीम भी शामिल हुई है और छत्तीसगढ़ से बैडमिन्टन टीम में सरगुजा के उभरते हुए खिलाड़ी सार्थक कान्त थॉमस प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर रहे है। शुक्रवार को नेशनल स्कूल गेम्स के पहले दिन छत्तीसगढ़ की टीम से सार्थक कांत थॉमस ने उत्तर खंड और और हिमाचल प्रदेश को अपनी श्रेणी के मैच में मात देकर जिले और प्रदेश का नाम रौशन किया है। सार्थक कान्त थॉमस की इस सफलता पर जिले के खेल प्रेमियों ने उसे शुभकामनाएँ दी है।





# एसआईआर के कार्यों की रोल ऑब्जर्वर ने की समीक्षा

**बैकुण्ठपुर।** निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 के अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली एवं छग के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा जिले के लिए नियुक्त रोल ऑब्जर्वर मोहम्मद कैसर अब्दुल हक ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष बैकुंठपुर में पुनरीक्षण से संबंधित कार्यों की समीक्षा की।

समीक्षा के दौरान रोल ऑब्जर्वर ने कोरिया जिले में तहसीलवार तार्किक त्रुटियों से जुड़े प्रकरणों की क्लस्टर स्तर पर की जा रही सुनवाई, दस्तावेजों के परीक्षण तथा फॉर्म-6 एवं फॉर्म-7 के ऑनलाइन निराकरण की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने बीएलओ एवं बीएलए द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से भी ली। साथ ही तहसीलदार एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा संपादित कार्यों की समीक्षा की। रोल ऑब्जर्वर ने निर्देशित किया कि निर्वाचक नामावली का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण किया जाए। रोल आब्जर्वर मोहम्मद कैसर अब्दुल हक ने मतदान केन्द्र 144 सुरमी तथा मतदान केन्द्र 118 चेर पहुंचकर बीएलओ से एसाईआर एवं किए जा रहे कार्यों के संबंध में जानकारी प्राप्त की और विभिन्न विषयों पर दिशा निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती चंदन त्रिपाठी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी डीडी मंडावी, संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## समर्थन मूल्य पर 12.01 लाख क्विंटल धान की खरीदी

# 20 हजार से ज्यादा किसानों के खातों में 284 करोड़ अंतरित



**बैकुंठपुर।** कोरिया जिले में चालू खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत धान उपार्जन कार्य की अंतिम तिथि समाप्त हो गई।

15 नवंबर से 30 जनवरी तक की अवधि में समर्थन मूल्य पर धान विक्रय करने वाले 20 हजार 383 किसानों से 12.01 लाख क्विंटल धान की खरीदी की गई। इसके एवज में किसानों के खातों में 284 करोड़ 60 लाख रूपए अंतरित किए गए। उपार्जन अवधि के दौरान किसानों को वितरित किए गए ऋण के विरूद्ध 45 करोड़ 5 लाख रूपए की वसूली भी की गई है।

जिले में इस खरीफ विपणन वर्ष के लिए कुल 23 हजार 265 किसान पंजीकृत हैं। धान उपार्जन का कार्य जिले के 21 धान उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से किया गया।

### गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने कलेक्टर कोरिया को सौंपा ज्ञापन

गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के जिला अध्यक्ष राजाराम जाता ने बताया कि धान खरीदी केन्द्रों में किसानों को हो रही समस्याओं को लेकर पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं द्वारा समय-समय पर संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया गया,लेकिन समस्याओं का समाधान नहीं होने के कारण किसानों में भारी आक्रोश व्याप्त है। इसी क्रम में किसान रैली निकालकर कलेक्टर कार्यालय की ओर रवाना हुए,किंतु पुलिस प्रशासन की सतर्क व्यवस्था के चलते बैकुंठपुर ओड़गी नाका में बैरिकेडिंग कर किसानों को रोक दिया गया। ज्ञापन में धान खरीदी की समय-सीमा बढ़ाने,किसानों के कटे हुए रकबे को पुनः जोड़ने तथा रकबा बढ़ाने की मांग प्रमुख रूप से की गई है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि जिला प्रशासन द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर शिविर लगाकर फौती नामांतरण सहित अन्य राजस्व संबंधी समस्याओं का शीघ्र निराकरण किया जाए तथा धान खरीदी केन्द्रों की शिकायतों पर कड़ी कार्रवाई की जाए।

### जंगल में युवती की धारदार हथियार से नृशंस हत्या

**बिश्रामपुर।** जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत मोरभंज डेम के पास जंगल में एक युवती की निर्मम हत्या का मामला सामने आने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। मृतिका की पहचान पिंकी सोलांकी 24 वर्ष पिता परमेश्वर पाटिल, निवासी ग्राम गांधीनगर शिल्पी, थाना गांधीनगर जिला सरगुजा के रूप में हुई है, पिंकी अपने पीछे 7 वर्षीय मासूम बेटी को छोड़ गई है। बताया जा रहा है कि मृतिका की छोटी बहन कुमारी रिंकी पाटिल ने बताया कि 29 जनवरी की दोपहर करीब 12.30 बजे पिंकी अपनी बेटी मंजू को उसके पास छोड़कर बाजार जा रही हूं कहकर घर से निकली थी,देर शाम तक जब वह वापस नहीं लौटी तो परिजनों को चिंता हुई, 30 जनवरी को सूचना मिली कि मोरभंज डेम के पास जंगल में एक युवती का शव पड़ा हुआ है, मौके पर पहुंचने पर परिजनों ने शव की पहचान पिंकी सोलंकी के रूप में की, शव जंगल किनारे पड़ा था और गर्दन पर गहरे जख्म के निशान नजर आ रहे थे, जिससे यह मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है।

